Title: Need for early construction of Navinagar Thermal Power Station in Aurangabad district, Bihar.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): बिहार राज्य के औरंगाबाद जिला में नवीनगर थर्मल पावर स्टेशन की स्थापना हेतु सरकार द्वारा भूमि का अधिग्रहण किया गया, पर्यावरण क्लीयरेंस हुआ और राज्य सरकार अपने हिस्से की धनराशि भी उपलब्ध कराना चाहती है। यह क्षेत्र उग्रवाद प्रभावित होने के कारण विकास की दृटि से पिछड़ा क्षेत्र है। इन सारी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद भी निमार्ण कार्य शुरू नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में हमने कई बार लोक सभा में मामला उठाया, व्यक्तिगत साक्षात्कार एवं पत्र के माध्यम से विद्युत मंत्री जी, ऊर्जा सचिव से भी मामले पर चर्चा की, परंतु करीब पांच वर्ाो में आज तक सरकार द्वारा समुचित कार्रवाई न की गई है। इस क्षेत्र के लोग आज भी लालटेन युग में जीवनयापन कर रहे हैं।

अतः सरकार से अनुरोध है कि नवीनगर थर्मल पावर स्टेशन की स्थापना हेतु शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराकर निर्माण कार्य शुरू कराने की व्यवस्था की जाये।